HAM

हिंदी अध्यापक मंच

पाद वार्षिक मूल्यांकन
(नमूना प्रश्नपत्र)

कक्षा-7 हिंदी समय-2 घंटे

गतिविधि- एक

- सूचना- खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

आम को फलों का राजा कहा जाता है। आम भारत का राष्ट्रीय फल है। यह लाल, हरा , पीला और नारंगी रंग का होता है। यह बहुत ही रसदार और स्वादिष्ट फल है। उत्तर प्रदेश में आम का उत्पादन सबसे अधिक होता है। आम गर्मियों में मिलता है।

1. फलों का राजा किसे कहा जाता है?
2. आम की विशेषता क्या है?
3. भारत में आम का उत्पादन सबसे अधिक कहॉ होता है?
4. आम कब मिलता है?
5. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें:-

- भारत का राष्ट्रीय फल केला है।
- भारत का राष्ट्रीय फल आम है।

गतिविधि- दो

- सूचना –कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

यह धरती है उस किसान की
जो मिट्टी का पूर्ण पारखी
जो मिट्टी के संग साथ ही
तपकर, गलकर, मरकर
खपा रहा है जीवन अपना
देख रहा है मिट्टी में सोने का सपना

1.निम्नलिखित आशय वाली पंक्तियां चुनें :-
किसान मिट्टी में समृद्धि का स्वप्न देखता है।

2. कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि-तीन

सूचना : ‘ साफ़ -सफ़ाई में अव्वल गॉव’ पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एशिया का सबसे साफ़ -सुथरा गॉव मावलिन्नोंग मेघालय में है। साल 2003 में इस गॉव को एशिया के सबसे साफ़-सुथरे गॉव के तौर पर चुना गया। इस गॉव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहॉ की साफ़ सफ़ाई गॉववाले खुद करते हैं।

1.मावलिन्नोंग गॉव कहॉ है?

2. प्रकृति संरक्षण पर पोस्टर तैयार करें।

हिंदी अध्यापक मंच HAM

गतिविधि -चार

• सूचना : ‘खुद से प्यार’ कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

दरख़्त अपने फूलों से
इतना प्यार करे कि
वह दे सके फूल
दुनिया को भी
बादल अपने जल से
इतना प्यार करे कि
वह दे सके जल
दुनिया को भी।

1. पेड़ के लिए प्रयुक्त शब्द कौन सा है? (दुनिया, दरख़्त ,बादल)

2. ‘मेघ’ का समान अर्थ वाला शब्द क्या है?

3. सही मिलान करें:-

दरख़्त – खुद से प्यार करें
हम– अपने जल से प्यार करे
बादल-- अपने फूलों से प्यार करे

हिंदी अध्यापक मंच HAM

गतिविधि- पाँच

• सूचना : 'गाँधीजी की नमक कथा' पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखें।

क) घटनाओं को क्रम से लिखें।

1. दांडी पहुंचकर नमक बनाया।
2. गाँधीजी ने अहमदाबाद से पैदल यात्रा शुरू की।
3. नमक महंगा हो गया।
4. अंग्रेज़ों ने नमक पर टैक्स लगाया।

ख) नमक क्यों महंगा हो गया?

हिंदी अध्यापक मंच HAM

गतिविधि -6

सूचना -कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें:-

एक कहानी कहनी है
वो जो आम की टहनी है
वहीं कहीं इक तोती है
जो दिन भर सोती है
कोई उसे जगा दे तो
बड़ी देर तक रोती है
सभी परिंदे कहते हैं (परिंदे –पक्षी)
वह कुंभकरण की पोती है।

1. कविता के लिए एक उचित शीर्षक लिखें।
2. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ कविता से ढूंढकर लिखें:-

*आम की टहनी पर एक तोती रहती है।

3. कविता से कोई दो तुकांत शब्द ढूंढकर लिखें।